an>

Title:Regarding providing relief to the people of Bihar affected by the recent earthquake.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : महोदय, नेपाल और हमारे देश में हाल ही में आए भूकम्प त्रासदी से 6 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। लगभग लाखों लोग बेघर हो गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के सहयोग से और उनके मार्गदर्शन में भारत सरकार के द्वारा बहुत बड़ा ऐतिहासिक प्रयास राहत एवं बचाव कार्य के रूप में चल रहा है। वहीं बिहार सरकार द्वारा बिहारी मूल के भूकम्प पीड़ितों की अवहेलना की जा रही है। अभी बिहार निवास में, जहां मैं अभी रह रहा हूं, वहां बिहारी मूल के काफी लोग आए थे। लेकिन अनेक लोगों को रहने के लिए जगह नहीं दी गयी। वहां के रेज़िडेंट कमिश्नर, ओएसडी और तमाम कर्मचारियों ने उनसे बड़ा ही दुर्व्यवहार किया। रात्रि में कुछ लोगों की गाड़ी छूट जाने के कारण सड़क पर परिवार एवं बच्चों के साथ भूखे-प्यासे रात बीतानी पड़ी, जो अत्यन्त खेदजनक है। मुझे लगता है कि वे मानवता की सीमा को पार कर चुके हैं। ऐसे पदाधिकारियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि विपत्ति की इस घड़ी में यह भी निर्देशित होना चाहिए कि बिहार के नेपाल में हजारों लोग फंसे हुए हैं, अभी तक बिहार सरकार द्वारा वहां मोटर गाड़ियां नहीं भेजी जा रही हैं। वहां रक्सौल से लेकर नेपाल के बॉर्डर पार अन्य जगहों से बिहार के लोग वापस आना चाहते हैं। जहां भारत सरकार पूरी शक्ति और निÂठा के साथ लगी हुई है, किन्तु बिहार सरकार का यह अवेहलनापूर्ण व्यवहार अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है और यह हम सभी के दुख की बात है।